बुमराह दादा गेंदबाज़ हैं। बुमराह को लेने के लिए भी अक्ल होनी चाहिए ना। आपने उन्हें सफ़ेद गेंद का गेंदबाज़ बनाया, तो वो लाल गेंद के गेंदबाज़ कैसे बन गए? - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय गेंदबाज, बुमराह के चयन को लेकर बोलते हुये।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

आंद्रे रसेल

अबू धाबी नाइट राइडर्स ने टी-20 प्रारूप में 500 विकेट लेने वाले आंद्रे रसेल को सम्मानित किया है। आंद्रे रसेल ने यह उपलब्धि डीपी वर्ल्ड आईएल टी-20 के दौरान अबू धाबी नाइट राइडर्स और डेजर्ट वाइपर्स के बीच खेले गये मुकाबले में हासिल की। इसी के साथ वह इस प्रारुप में 500 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के कुछ ही खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए, अबू धाबी नाइट राइडर्स ने रसेल को एक कस्टमाइज्ड '500' जर्सी भेंट की, जो टीम और टी-20 क्रिकेट में उनके शानदार योगदान का जश्न मनाती है।

क्या आप जानते हैं ?... कोहली ने 100 के स्ट्राइक रेट के साथ अपने वनडे करियर में 36 शतक ठोके हैं। इस मामले में दूसरे नंबर पर एबी डिविलियर्स हैं।

रोहित अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 20,000 रन बनाने वाले एलीट क्लब में शामिल हुए

विशाखापत्तनम, 6 दिसंबर। रोहित शर्मा शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के चल रहे एकदिवसीय मैच के दौरान पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले चौथे भारतीय क्रिकेटर बन गए। वह सचिन तेंदुलकर (34,357 रन), विराट कोहली (27,910 रन) और राहुल द्रविड़ (24,208 रन) जैसे महान बल्लेबाजों के खास ग्रुप में शामिल हो गए हैं। रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की गेंद पर एक रन लेकर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने खूबसूरती से लॉन्ग-ऑफ की तरफ खेला, जिससे दर्शकों की तालियों के बीच यह रिकॉर्ड बन गया। उनकी पारी ने उनकी टाइमिंग और पावर दोनों को दिखाया, जिससे वह दुनिया के क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले के लिए जाने जाने वाले रोहित ने एकदिवसीय में छक्के लगाने का एक अनोखा रिकॉर्ड भी बनाया है। उन्होंने हुक और पुल शॉट का इस्तेमाल करते हुए सीमर्स के खिलाफ 114 छक्के लगाए हैं, जो उपलब्ध बॉल-बाय-बॉल रिकॉर्ड में क्रिस गेल के 48 छक्कों के अगले सर्वश्रेष्ठ आंकड़े से काफी आगे है। ऐतिहासिक 20,000 रन का आंकड़ा छूने के बावजूद, रोहित अपनी पारी को शतक में नहीं बदल पाए। महाराज ने आखिरकार उन्हें आउट कर दिया, जब मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने उन्हें डीप मिड-विकेट पर कैच कर लिया। रोहित ने 73 गेंदों में 75 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल थे। इसके बाद विराट कोहली भारत के लिए पारी को संभालने आए। रोहित के 15 साल से ज्यादा लंबे करियर में कई रिकॉर्ड बने हैं, जिसमें वनडे में कई दोहरे शतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी होना भी शामिल है, और सीमर्स के खिलाफ उनके छक्कों का आंकड़ा टॉप क्लास बॉलिंग अटैक पर हावी होने की उनकी असाधारण क्षमता को दिखाता है।

रोहित-विराट ने मुझे लय तय करने में मदद की : जायसवाल

विशाखापत्तनम, 6 दिसंबर। भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मुझे लय तय करने में मदद की। दक्षिण अफ्रीका पर नौ विकेट से मिली जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच यशस्वी जायसवाल ने कहा कि मैं वास्तव में बहुत खुश और धन्य महसूस कर रहा हूं। रोहित और मैंने इस बारे में बहुत बात की है कि हमें कैसे खेलना है और किस तेज़ी से आगे बढ़ना है। मैं शुरुआत को बड़े स्कोर में बदल नहीं पा रहा था। मैं बस यही सोच रहा था कि पारी को कैसे संतुलित रखना है। कभी-कभी मुझे ज्यादा आक्रामक होना पड़ता है और कभी सिंगल लेकर पारी को संभालना होता है। मुझे अपने विचारों पर नियंत्रण रखना होता है। कहां और कौन-से शॉट खेल सकता हूं। मुझे गेंदबाज़ों पर हमला करना होता है, और यह जानना कि कब ऐसा करना है, मदद करता है। जब विराट पाजी आए, तो उन्होंने कई शॉट खेले। उन्होंने मुझे लक्ष्य तय करने में भी मदद की। तेज गेंदबाबज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा कि मेरे लिए यह काफी मुश्किल था। कुछ ख़राब गेंदें और अच्छे शॉट्स थे। मुझे सोचना था कि वापसी कैसे होगी। क्रिकेट की यही अच्छा चीज़ है कि आपको दूसरा मौक़ा मिलता है। मैंने अच्छी लेंथ पर गेंद डालने के साथ स्टंप पर रखने की कोशिश की। मैं ओस या फिर परिस्थितियों को दोष नहीं देना चाहूंगा। खिलाड़ी के तौर पर हमसे ऐसी परिस्थितियों का सामना करने की उम्मीद रहती है। अर्शदीप और हर्षित ने जिस तरह की शुरुआत की उन्हें भी क्रेडिट मिलना चाहिए। फिर कुलदीप ने विकेट निकाले तो गेंदबाजी यूनिट के रूप में हमने अच्छा किया। पिछले मैच के बाद मैं दबाव में था।

गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहा : राहुल

विशाखापत्तनम, 6 दिसंबर। भारतीय टीम के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने कहा कि गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहा। दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से शिकस्त देने के बाद केएल राहुल ने कहा, मुझे नहीं लगता कि टॉस जीतने के बाद टीम जितने गर्व से मेरी ओर देख रही थी वैसा कुछ और करने पर देखती। पहले दो मैचों में हमने कठिन परिस्थितियों का सामना किया था। गीले मैदान पर गेंदबाजों को ब्रेक देना अच्छा रहा। पिच अच्छी थी और हमने गुच्छों में विकेट हासिल किया। हमें पता था कि जो टीम आक्रामक क्रिकेट खेल रही है वह 400 भी चेज़ कर सकती है और लगातार विकेट गंवाकर जल्दी आउट भी हो सकती है। प्रसिद्ध ने जो 2-3 विकेट लिए वो अहम थे फिर कुलदीप ने भी विकेट निकाले। इसी तरह वनडे में आप टीमों पर दबाव बनाते हैं। डी कॉक की बल्लेबाजी शानदार रही। सबसे सुखद चीज वो रही जैसा हमने दबाव को झेला। हर मैच में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने हमारे ऊपर दबाव डाला। प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार से नवाजे गये विराट कोहली ने कहा, इस सीरीज में जिस तरह से मैंने खेला है, वह मेरे लिए सबसे संतोषजनक रहा है। मैं बहुत फ्री महसूस कर रहा हूं, पूरा खेल एक साथ जुड़ता हुआ लग रहा है। मैंने अपने स्टैंडर्ड को बनाए रखने और प्रभाव छोड़ने की कोशिश की है। मैं लंबी पारी खेल सकता हूं और परिस्थिति के अनुसार ढल सकता हूं। कई बार ऐसा होता है जब आपको संदेह होता है। आप घबराते भी हैं, खासकर बल्लेबाज़ी में, जहां एक गलती महंगी पड़ सकती है। यह एक पूरी यात्रा है बेहतर बनने की, एक बेहतर इंसान बनने की। मुझे खुशी है कि मैं अभी भी टीम के लिए योगदान दे पा रहा हूं। जब मैं खुलकर खेलता हूं, तो मुझे पता है कि मैं छक्के मार सकता हूं। मैं बस अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाना चाहता था और अच्छा करना चाहता था। पहली पारी इस सीरीज़ की मेरी सर्वश्रेष्ठ पारी थी।

यशस्वी का नाबाद शतक, भारत ने दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराया और सीरीज में 2-1 से जीत

विशाखापटनम, 6 दिसंबर। 'प्लेयर ऑफ द मैच' यशस्वी जायसवाल (नाबाद 116) और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' विराट कोहली (नाबाद 65) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने दक्षिण अफ्रीका को शनिवार को तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले में 61 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से रौंद दिया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज भी 2-1 से अपने नाम कर ली।

यह कोहली का एकदिवसीय में 12वां जबकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 22वां प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार है। सचिन तेंदुलकर के पास कुल 20 प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार थे। 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी कर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। इस दौरान दोनों बल्लेबाजों ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की खूब खबर ली और अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। रोहित ने अपने जाने-माने पुल शॉट्स खेले और बाउंड्री की झड़ी लगने से वह 100 रन बनाने के करीब लग रहे थे। 26वें ओवर में केशव महाराज ने रोहित शर्मा को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली और एकमात्र सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 73 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 75 रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने 10 ओवर तक संभल कर खेलने के बाद

जायसवाल ने साथ यकायक ऐसा गियर बदला और भारत को जीत दिला दी।जायसवाल ने 50 रन बनाने के बाद टी-20 मोड में खेलना शुरू कर दिया और अपना पहला शतक रन बनाया। कोहली ने 40वां ओवर कर रहे लुंगी एन्गिडी की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। भारत ने 39.1 ओवर में एक विकेट पर 271 रन बनाकर मुकाबला नौ विकेट से जीत लिया। यशस्वी जायसवाल ने 121 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 116) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली ने 45 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 65) रन बनाये।

इससे पहले भारत ने कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा (चार-चार विकेट) के बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका 270 के स्कोर पर ढेर कर दिया था। आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में रायन रिकलटन (शून्य) का विकेट गंवा दिया। उन्हें अर्शदीप ने विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान टेम्बा बावुमा ने डी कॉक के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 113 रन जोड़े। 21वें ओवर में रवींद्र जडेजा ने बावुमा को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। टेम्बा बावुमा ने 67 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 48 रन बनाये। इसके बाद मैथ्यू ब्रीत्जके (24) को प्रसिद्ध कृष्णा ने पगबाधा आउट किया। इसी ओवर में कृष्णा ने एडन मारक्रम (एक) का भी शिकार कर लिया। इसी दौरान 30वें ओवर में हर्षित राणा की गेंद पर डी कॉक ने छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। भारत के खिलाफ यह उनका सातवां शतक है। इसी के साथ उन्होंने भारत के खिलाफ सबसे अधिक एकदिवसीय शतक के मामले में सनत जयसूर्या की बराबरी की। इसके अलावा उन्होंने भारत में किसी भी विदेशी बल्लेबाज के सबसे ज़्यादा शतक का एबी डीविलियर्स का रिकॉर्ड की भी बराबरी की।

33वें ओवर में प्रसिद्ध कृष्णा ने क्विंटन डी कॉक को बोल्ड कर दक्षिण अफ्रीका को पांचवां झटका दिया। क्विंटन डी कॉक ने 89 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के उड़ाते हुए 106 रनों की पारी खेली। इसके बाद कुलदीप यादव ने 39वें ओवर में पहले डेवाल्ड ब्रेविस (29) और इसी ओवर की तीसरी गेंद पर मार्को यानसन (17) का शिकार कर लिया। कॉर्बिन बॉश (नौ) और लुंगी एन्गिडी (एक) को भी कुलदीप ने आउट किया। 48वें ओवर की पांचवी गेंद पर प्रसिद्ध कृष्णा ने ऑटनील बार्टमैन (तीन) को बोल्ड कर 270 के स्कोर पर दक्षिण अफ्रीका की पारी का अंत कर दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने 41 रन देकर चार विकेट लिये। प्रसिद्ध कृष्णा को भी चार विकेट मिले। अर्शदीप सिंह और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया जीत और 3-0 की बढ़त के करीब

ब्रिस्बेन, 6 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर जीत हासिल करने और 2-0 की बढ़त बनाने के करीब पहुंच गया है। इंग्लैंड ने तीसरे दिन स्टंप्स तक अपने छह विकेट 134 रन पर खो दिए हैं और वह अभी मेजबान टीम की पहली पारी की बढ़त से 43 रन पीछे हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को इस डे -नाईट टेस्ट में जीत की किरण दिखा दी है। ऑस्ट्रेलिया ने गाबा में अपना दबदबा बनाए रखा, और एक और सेशन जीत लिया। इंग्लैंड के ओपनर्स ने डिनर से पहले पहले 6 ओवर में 45 रन बनाकर उन्हें जबरदस्त शुरुआत दी, लेकिन स्कॉट बोलैंड के आते ही चीज़ें तेजी से बदल गईं। एक गेंद नीची रही और डकेट को पूरी तरह धोखा दे गई, जो इंटरवल के ठीक बाद बोल्ड हो गए। क्रॉली और पोप ने मिलकर एक मजबूत स्टैंड बनाया, लेकिन नेसर ने दोनों को तेजी से कैच-एंड-बोल्ड करके आउट कर दिया। रूट उम्मीद जगाने वाले लग रहे थे लेकिन वह ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए, स्टार्क ने उन्हें कैच आउट कर दिया।

बोलैंड ने ब्रूक को कैच आउट कराया, जबकि जेमी स्मिथ भी जल्द ही विकेट के पीछे कैच आउट हो गए। आखिरी सेशन दिन का सबसे ड्रामैटिक रहा, जिसमें लगभग हर गेंद पर कुछ न कुछ हो रहा था। पहले दो दिनों में, पुरानी पिंक बॉल के सामने बैटिंग करना आसान लग रहा था, लेकिन आज रात पूरी तरह से अलग टेस्ट था। अभी, इंग्लैंड अभी भी 43 रन पीछे है और उसके हाथ में सिर्फ़ चार विकेट हैं। इंग्लैंड की तरफ से जैक क्रौली ने सर्वाधिक 44, ओली पोप ने 26 और पहली पारी के शतकधारी जो रुट ने 15 रन बनाये।

भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ेगा

चेन्नई, 6 दिसंबर। मेजबान भारत रविवार को सेमीफ़ाइनल में सात बार की चैंपियन जर्मनी से भिड़ेगा। भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप दो बार जीता है, और उसकी आखिरी जीत 2016 में हुई थी, जब यह टूर्नामेंट लखनऊ में उसके घर पर हुआ था। मंगलवार को मदुरै इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में पुरुषों के रोमांचक क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जोश से भरे भारत ने अपना धैर्य बनाए रखते हुए शूट-आउट में बेल्जियम को 4-3 से हराया। प्रिंसदीप सिंह ने शूटआउट में भारतीय हॉकी टीम के लिए शानदार बचाव किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने गए प्रिंसदीप ने कहा, "(कोच) पीआर श्रीजेश से बहुत कुछ सीखा है और उन्हें देखकर, उनसे सीखकर आत्मविश्वास बढ़ा है। यह एक शानदार मैच था और चेन्नई में दर्शकों का समर्थन अविश्वसनीय था।" शारदा नंद तिवारी भी भारत के शूटआउट में डटे रहे, उनके पेनल्टी स्ट्रोक्स ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा। उन्होंने तीन गोल किए, जबकि अंकित पाल ने भारत के लिए विनिंग गोल किया।

जस्टिन ग्रीव्स का ऐतिहासिक दोहरा शतक, न्यूज़ीलैंड बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट मैच हुआ ड्रॉ

क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), 6 दिसंबर। प्लेयर ऑफ द मैच जस्टिन ग्रीव्स (दो विकेट/ नाबाद 202), शाई होप (140) और केमार रोच (नाबाद 58) की जुझारू पारियों के दम वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के पांचवें दिन शनिवार को दूसरी पारी में छह विकेट पर 457 का स्कोर कर मैच को शानदार तरीके से ड्रा कराने में सफल रहा। और उसने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया।

आज यहां वेस्टइंडीज ने कल दो विकेट पर 217 रनों से आगे खेलना शुरु किया। वेस्टइंडीज का पांचवां विकेट 93वें ओवर में 268 के स्कोर पर शाई होप के रूप में गिरा। शाई होप ने 234 गेंदों में 15 चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 140 रनों की पारी खेली। कुछ देर बाद जैक फाउल्क्स ने टेविन इमलाच (चार) को आउट कर न्यूजीलैंड के मैच जीतने की उम्मीद को हवा दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये केमार रोच ने जस्टिन ग्रीव्स के साथ न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का सामना बहादुरी से किया और पिच पर टिके रहे। इसी दौरान ग्रीव्स ने पहले अपना शतक और उसके बाद दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ ग्रीव्स टेस्ट की चौथी पारी में डबल सेंचुरी बनाने वाले चौथे वेस्टइंडियन और कुल मिलाकर सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। न्यूजीलैंड के लिए जेकब डफी ने तीन विकेट लिये। माइकल ब्रेसवेल, जैकरी फॉक्स और मैट हेनरी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

जस्टिन ग्रीव्स की शानदार बल्लेबाजी की वजह से उन्हें इस एक ही पारी में अपने 12-टेस्ट करियर की आधी से अधिक गेंदों का सामना करना पड़ा, और वेस्टइंडीज ने क्राइस्टचर्च में 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप चरण के अपने छठे टेस्ट में पहला अंक हासिल किया। उन्होंने कुल 163.3 ओवर खेले, जो 95 सालों में वेस्टइंडीज के लिए टेस्ट में चौथी पारी में सबसे ज्यादा ओवर हैं। तीसरे दिन 92 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद वेस्टइंडीज को बचाने वाली 196 रन की पार्टनरशिप में शाई होप का साथ देने के बाद, जब होप (140) और टेविन इमलाच जल्दी-जल्दी आउट हो गए, तो ग्रीव्स पारी की जान बन गए।

उन्होंने आखिरी ओवर से ठीक पहले जैकब डफी की गेंद को बैकवर्ड पॉइंट के ऊपर से मारकर अपना पहला शानदार टेस्ट दोहरा शतक पूरा किया। यह आखिरी सेशन में उनका सिर्फ दूसरा चौका था, और उनके साथी खिलाड़ियों ने खड़े होकर उनका तालियों से स्वागत किया। ग्रीव्स ने 388 गेंदों में 19 चौके लगाते हुए नाबाद 202 रनों की पारी खेली।

एफसी गोवा की नजरें खिताब बचाने पर

फातोर्दा, 6 दिसंबर। कोलकाता की बड़ी टीम ईस्ट बंगाल रविवार को फातोर्दा के जेएलएन स्टेडियम में एआईएफएफ सुपर कप 2025-26 के फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन एफसी गोवा से भिड़ेगी। ईस्ट बंगाल बनाम एफसी गोवा का फाइनल रविवार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। 2018 में फेडरेशन कप के बाद शुरू हुआ सुपर कप, इंडियन फुटबॉल का टॉप-टियर डोमेस्टिक कप कॉम्पिटिशन है और जीतने वालों को 2026-27 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्ले-ऑफ में जगह मिलेगी। ईस्ट बंगाल एफसी गोवा के खिलाफ बिना हारे फाइनल में पहुंचा है। उन्होंने सेमीफाइनल में पंजाब एफसी को 3-1 से हराने से पहले ग्रुप ए में एक जीत और दो ड्रॉ के साथ टॉप किया था। दूसरी ओर, गौर्स अपना ग्रुप बी मैच नॉर्थईस्ट यूनाइटेड से हार गए, लेकिन जमशेदपुर एफसी और इंटर काशी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां उन्होंने मुंबई सिटी को 2-1 से हराया। बिपिन सिंह और अर्जेंटीना के केविन सिबिल गोल के सामने ईस्ट बंगाल के लिए मुख्य खतरा बन सकते हैं, दोनों ने दो-दो गोल किए हैं। स्पेन के बोर्जा हेरेरा और सर्बिया के डेजान ड्राज़िक गोल के सामने गोवा के सबसे खतरनाक खिलाड़ी रहे हैं।

राजस्थान ने दिल्ली को 3 विकेट से हराया

अहमदाबाद, 6 दिसंबर। मुकुल चौधरी (नाबाद 62) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत राजस्थान ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली को तीन विकेट से हरा दिया।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में दो तथा छठे ओवर में 38 के स्कोर पर एक और विकेट गंवाया। शुभम गढ़वाल (29), दीपक हुड्डा (शून्य) तथा महिपाल लोमरोर (चार) रन आउट हुये। इसके बाद करण लांबा और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 60 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में सुयश शर्मा ने करण लांबा (31) को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मुकुल चौधरी ने कुणाल सिंह राठौड़ के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में सुयश शर्मा ने कुणाल सिंह राठौड़ (26) को आउट कर राजस्थान को पांचवां झटका दिया। हालांकि मुकुल चौधरी एक छोर थामे छक्के उड़ाते रहे। साहिल धीवान और अशोक शर्मा (दो-दो) रन बनाकर आउट हुये। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट

पर 177 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया।

दिल्ली के लिए नवदीप सैनी ने तीन और सुयश शर्मा ने दो विकेट लिये। आयुष बदोनी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। प्रियांश आर्य और यश ढुल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 73 रन जोड़े। नौवें ओवर में मानव सुथार ने प्रियांश आर्य को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में दो चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 32 रन बनाये। सुथार ने इसी ओवर की चौथी गेंद पर यस ढुल को भी आउटकर पवेलियन भेज दिया। यस ढुल ने 31 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 38 रनों की पारी खेली। कप्तान नीतीश राणा 16 गेंदों में (21) और आयुष बदोनी 23 गेंदों में 30 रन बनाकर आउट हुये। तेजस्वी दहिया 21 गेंदों में 33 रनों की नाबाद पारी खेली। मयंक रावत 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान के लिए मानव सुथार और अशोक शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। महिपाल लोमरोर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

डी कॉक ने भारत के खिलाफ जड़ा 7वां शतक, विराट रिकॉर्ड, सचिन-रोहित के क्लब में शामिल

विशाखापटनम, 6 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज़ क्विंटन डी कॉक ने अपने 13,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे कर लिए हैं और इस विशिष्ट क्लब में शामिल होने वाले अपने देश के सातवें खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने विशाखापत्तनम में भारत के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। इस अनुभवी विकेटकीपर ने भारत के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पहले दो मैचों में दो कम स्कोर से उबरते हुए प्रोटियाज़ के लिए अपना 23वाँ एकदिवसीय शतक जड़ा। उन्होंने 89 गेंदों में आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 119.10 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए। भारत में अपने सातवें शतक के साथ, डी कॉक विदेशी धरती पर सर्वाधिक वनडे शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर (यूएई में सात शतक), पाकिस्तान के सईद अनवर (यूएई में सात शतक), एबी डिविलियर्स (भारत में सात शतक) और रोहित शर्मा (इंग्लैंड में सात शतक) की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

बीसीसाई ने सैयद मुश्तक अली ट्रॉफी सुपर लीग मैचों को इंदौर से पुणे स्थानांतरित किया : सैकिया



नई दिल्ली, 6 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को 'लॉजिस्टिक कारणों' से सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल सहित सुपर लीग चरण के मैचों को इंदौर से पुणे स्थानांतरित करना पड़ा। बीसीसीआई सचिव सचिव देवजीत सैकिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप का ग्रुप लीग चरण अभी हैदराबाद, लखनऊ, अहमदाबाद और कोलकाता में चल रहा है। सुपर लीग चरण और फाइनल पहले इंदौर में आयोजित होने वाले थे। सुपर लीग चरण 12 दिसंबर से शुरू होगा और फाइनल 18 दिसंबर को खेला जाएगा। बीसीसीआई सचिव सैकिया ने कहा, "हां, हमने सुपर लीग चरण के मैचों का स्थल इंदौर से पुणे स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है।" जानकारी मिली है कि यह कदम मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ के अनुरोध पर उठाया गया जिसने उस समय होटल कमरों की कमी का हवाला दिया क्योंकि आठ टीम के बड़े सहयोगी सदस्यों और ब्रॉडकास्ट क्रू को एक साथ आवास देना मुश्किल हो रहा था। साथ ही उस समय कुछ शादी समारोहों और डॉक्टरों के सम्मेलन (13 से 16 दिसंबर) के कारण पांच सितारा होटलों में पर्याप्त कमरे उपलब्ध नहीं थे। सुपर लीग में आठ टीमें शामिल होंगी (प्रत्येक एलीट ग्रुप से शीर्ष दो) जिन्हें दो समूहों में बांटा गया है और शीर्ष दो टीमें फाइनल में आमने-सामने होंगी। पुणे में कुल 13 मैच खेले जाएंगे जिसमें 12 सुपर लीग मैच और एक फाइनल होगा। ये मैच दो स्थल गहुंजे स्टेडियम और पुराने एमसीए मैदान हैं।

सुरुचि सिंह स्वर्ण पदक और सम्राट राणा ने कांस्य जीता पदक

दोहा, 6 दिसंबर। भारतीय निशानेबाजों शनिवार को सुरुचि सिंह को महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक तथा सैन्याम ने रजत तथा सम्राट राणा ने पुरुषों की स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। पेरिस ओलंपिक 2024 की पदक विजेता मनु भाकर भी फाइनल में पहुंचीं, लेकिन एलिमिनेशन स्टेज के दौरान पीछे रहने के बाद पांचवें स्थान पर रहीं। अपने पहले वर्ल्ड कप फाइनल में हिस्सा ले रही सुरुचि ने 245.1 पॉइंट्स हासिल करके शानदार प्रदर्शन किया और एक नया आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। 19 साल की भारतीय निशानेबाज ने आखिरी शॉट्स में अपना संयम बनाए रखा, जिसमें 10.5 से ज़्यादा के कई स्कोर शामिल थे। सुरुचि सिंह का 245.1 पॉइंट्स का नया जूनियर निशानेबाजी विश्व रिकॉर्ड मनु भाकर के पिछले 244.7 के रिकॉर्ड से बेहतर है, जो 2019 से कायम था। वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे स्थान पर रहीं सुरुचि सिंह इस साल पिस्टल इवेंट्स में सबसे बेहतरीन निशानेबाजों में से एक रही हैं, उन्होंने इस साल पहले तीन आईएसएसएफ विश्व कप में इसी निशानेबाजी में स्वर्ण पदक जीते हैं।

इस बीच, सैन्याम शुरुआती और बीच के चरणों में सुरुचि से आगे थीं। हालांकि, सुरुचि ने आखिरी चरणों में निर्णायक बढ़त बना ली। 2023 की जूनियर वर्ल्ड चैंपियन सैन्याम ने 243.3 पॉइंट्स के साथ सिल्वर मेडल जीता। चीन की याओ कियानक्सुन, जो महिलाओं की 50मी पिस्टल में वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने 219.4 पॉइंट्स के साथ कांस्य पदक जीता। दक्षिण कोरिया की पेरिस 2024 ओलंपिक चैंपियन ओह ये-जिन चौथे स्थान पर रहीं (199.1) और उनके बाद मनु भाकर रहीं, जिन्होंने 179.2 पॉइंट्स हासिल किए। मनु भाकर महिलाओं की 25मीटर पिस्टल इवेंट में भी हिस्सा ले रही हैं। इससे पहले क्वालिफाइंग राउंड में, सुरुचि सिंह 586 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। मनु भाकर पांचवें स्थान पर थीं, जबकि सैन्याम ने काउंटबैक पर फ्रांस की ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट कैमिला जेड्रजेव्स्की को हराकर आठवां और आखिरी स्थान हासिल किया।

वर्ल्ड कप का ग्रुप आई बना ग्रुप ऑफ डेथ



वॉशिंगटन, 6 दिसंबर। 2026 फीफा वर्ल्ड कप का ड्रॉ शुक्रवार को जॉन एफ. केनेडी सेंटर में हुआ, जिससे फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के पहले 48-टीम एडिशन के लिए माहौल तैयार हो गया। कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका में बढ़े हुए ग्रुप फॉर्मेट और पहले कभी नहीं हुए मैचों की संख्या के साथ, ड्रॉ सेरेमनी में कई हेडलाइन बनाने वाले मुकाबले तय हुए। लियोनेल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो के जमाने के बाद, किलियन एम्बाप्पे और एर्लिंग हालैंड दुनिया के फुटबॉल के दो सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। उनकी नेशनल टीमें, फ्रांस और नॉर्वे, ग्रुप आई में एक साथ आने के बाद ग्रुप स्टेज की शुरुआत में ही मिलेंगी। अफ्रीका की सबसे मजबूत टीमों में से एक सेनेगल, ग्रुप को और मजबूत बनाती है। यूरोपियन प्ले-ऑफ से यूक्रेन, स्वीडन, पोलैंड और अल्बानिया में से जो भी जीतेगा, वह उस ग्रुप को पूरा करेगा जिसे कई लोग पहले से ही "ग्रुप ऑफ डेथ" कह रहे हैं। पिछले वर्ल्ड कप का सरप्राइज पैकेज मोरक्को, ब्राज़ील के साथ ग्रुप सी में आ गया है, जिससे स्कॉटलैंड और हैती पर ग्रुप में काफ़ी दबाव है। इंग्लैंड और क्रोएशिया खुद को ग्रुप एल में एक साथ पाते हैं, दो ऐसी टीमें जिन्हें बड़े पैमाने पर टाइटल के लिए चुनौती देने में काबिल माना जाता है। घाना और पनामा के लिए, इस ग्रुप से आगे बढ़ना एक बड़ी चुनौती होगी। अगर इटली यूरोपियन प्ले-ऑफ से आगे बढ़ता है, तो वह ग्रुप बी में कनाडा, कतर और स्विट्जरलैंड के साथ शामिल हो जाएगा। इस ग्रुप से कौन सी टीमें आगे बढ़ेंगी, यह अभी भी पक्का नहीं है।

एशिया कप कोर्फबाल में भारतीय टीम में राजस्थान के 2 सदस्य
9 से 14 तक सलांगोर मलेशिया में आयोजित होगी प्रतियोगिता

जयपुर, 6 दिसंबर। सचिव, राजस्थान कोर्फबाल संघ परस राम शर्मा के अनुसार 8 दिसंबर से 14 दिसंबर तक सारंगपुर मलेशिया में होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए राजस्थान से रजत सैनी का खिलाड़ी के रुप में भारतीय टीम में चयन किया गया है। साथ ही राजस्थान से भारतीय टीम के मुख्य कोच के रुप में राजेश सैनी को नियुक्त किया गया है। सचिव परस राम शर्मा, अध्यक्ष नरेश शर्मा इन्द्रप्रकाश टिक्कीवाल, एम.आई.नकवी व राजस्थान कोर्फबाल संघ के सभी सदस्यों और खिलाड़ियों ने खुशी जताई और बताया कि भारतीय टीम ने कड़ी मेहनत की है और इस प्रतियोगिता में आवश्यक रूप से मेडल प्राप्त करके लौटेगी। राजेश कुमार सैनी को कोर्फबॉल लिए महाराणा प्रताप पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सचिव परस राम शर्मा व अध्यक्ष नरेश शर्मा ने भारतीय टीम शानदार प्रदर्शन की कामना की है।